जयपुर, रविवार
20 अक्टूबर, 2019

# अन्तर विषय संवाद कार्यक्रम

**केकड़ी (सीमा संदेश संवाददाता)।** राजकीय महाविद्यालय केकड़ी में आयुक्तालय के निर्देशानुसार आइडिया स्कीम के अंतर्गत आज अंतर संकाय संवाद आयोजित किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में प्राणी शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. चतराराम गोदारा ने स्टेम सेल के महत्व पर सभी संकायों के विद्यार्थियों की उपस्थिति में अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। गोदारा ने स्टैम सेल की खोज, प्रकार एवं उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए बताया की स्टैम सेल कोषिकाएं मानव समाज के लिए एक वरदान है।

स्टैमसेल की अकादमिक उपादेयता, दवाईयो के परीक्षण एवं रोगों के इलाज पर प्रकाश डाला। उन्होंने बतराया कि भविष्य में बहुत सारे रोगों का इलाज सम्भव हो सकता है जैसे: मधुमय टाइप 1, अल्जाईमर, पार्किसन, प्रसव के दौरान अम्बिलिकल कोर्ड एवं रक्त स्टैम सेल को शीत परिरक्षित कर बच्चों में भविष्य में होने वाले रोगो से बचाव के लिए विज्ञान में तरक्की से आशा और उम्मीद जगी है। अंतर संकाय संवाद कार्यक्रम में विषय प्रवर्तन करते हुए डॉ अनिल दाधीच ने बताया कि इस प्रोग्राम के तहत कला, विज्ञान और वाणिज्य संकाय के सभी विद्यार्थियों को अंतर संकाय एसोसिएशन के प्लेटफार्म पर कॉमन टॉपिक्स पर संकाय सदस्यों एवं मेधावी विद्यार्थियों की प्रेजेंटेशंस व व्याख्यान प्रतिमाह दो बार आयोजित होगें। प्रति माह दूसरे व चौथे सप्ताह के शनिवार को यह अंतरण्संकाय संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ रेनू ने अपने व्याख्यान में विद्यार्थियों को आयुक्तालय द्वारा प्रारम्भ किए गए इस नवाचार युक्त कार्यक्रम का लाभ उठाने को प्रोत्साहित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को पूरे उत्साह से शोधपूर्ण प्रेजेंटेशन तैयार करके प्रस्तुत करने को प्रेरित किया।इस इस अवसर पर महाविद्यालय के सदस्य विनय शर्मा, प्रीति अग्रवाल, राज कुमावत, मानसिंह कनोजिया, पीयूष कुमार गुप्ता, राजेश नरुका, राजेश मेघवशी, जितेन्द्र कुमावत एवं विद्यार्थियों के प्रतिनिधि अध्यक्ष नन्द लाल खटिक भी उपस्थिति रहे।

# नवाचार से प्रतिभा में आएगा निखार

केकड़ी के राजकीय महाविद्यालय में आयोजित अंतर विषयक संवाद कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी। पत्रिका

**केकड़ी @ पत्रिका**. राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शनिवार को आइडिया स्कीम के तहत अंतर संकाय संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्यवक्ता के रूप में बोलते हुए प्राणीशास्त्र के विभागाध्यक्ष चतराराम गोदारा ने स्टेम सेल के महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ. अनिल कुमार दाधीच ने बताया कि कला, विज्ञान व वाणिज्य संकाय के सभी विद्यार्थी कॉमन टॉपिक्स पर प्रेजेंटेशन दे सकते है। यह कार्यक्रम माह में दो बार दूसरे व चौथे शनिवार को आयोजित किया जाएगा। प्राचार्या डॉ. रेणु ने बताया कि आयुक्तालय की ओर से आरम्भ किए गए इस नवाचार से विद्यार्थियों को नई जानकारियां सीखने को मिलेंगी। कार्यक्रम में विनय शर्मा, प्रीति अग्रवाल, राज कुमावत, मानसिंह कनौजिया, पीयूष कुमार गुप्ता, राजेश नरूका, राजेश मेघवंशी, जितेन्द्र कुमावत एवं छात्रसंघ अध्यक्ष नंदलाल खटीक ने भी विचार व्यक्त किए।

# स्टेमसेल कोशिकाएं मानव समाज के लिए वरदान

**न्यूज सर्विस/नवज्योति, केकड़ी**

राजकीय महाविद्यालय आइडिया स्कीम के तहत शनिवार को अंतर संकाय संवाद कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्राणी शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर चतराराम गोदारा ने स्टेम सेल के महत्व पर व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि स्टेम सेल कोशिकाएं मानव समाज के लिए एक वरदान है। इसकी अकादमिक उपादेयता, दवाइयों के परीक्षण एवं रोगों के इलाज पर प्रकाश डालते हुए बताया की भविष्य में मधुमय टाइप 1, अल्जाइमर, पार्किंसन सहित बहुत सारे रोगों का इलाज सम्भव हो सकता है। इसके अलावा प्रसव के दौरान अम्बिलिकल कोर्ड एवं रक्त स्टेम सेल को शीत परिरक्षित कर बच्चों में भविष्य में होने वाले रोगों से बचाव के लिए विज्ञान में तरक्की से और उम्मीद जगी है।

डॉ. अनिल दाधीच ने बताया कि इस प्रोग्राम के तहत कला, विज्ञान और वाणिज्य संकाय के सभी विद्यार्थियों को अंतर संकाय एसोसिएशन के प्लेटफार्म पर कॉमन टॉपिक्स पर संकाय सदस्यों एवं मेधावी विद्यार्थियों की प्रजेंटेशंस व व्याख्यान प्रतिमाह दो बार आयोजित होंगे। प्राचार्या डा. रेनू ने नवाचार युक्त कार्यक्रम का लाभ उठाने को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय

[illegible] संकाय संवाद कार्यक्रम के दौरान मंचासीन व्याख्याता। सुरेश जोशी

के सदस्य विनय शर्मा, प्रीति अग्रवाल, राज कुमावत मानसिंह कनोजिया, पीयूष कुमार गुप्ता, राजेश नरुका, राजेश मेघवंशी, जितेन्द्र कुमावत सहित विद्यार्थियों के प्रतिनिधि छात्रसंघ अध्यक्ष नन्दलाल खटीक भी उपस्थित थे।